प्रादेशिक समाचार
02.06.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. जल जीवन मिशन 2.0 के तहत नई दिल्ली में केंद्र और झारखंड सरकार के बीच हुआ एमओयू, नियमों के अनुपालन पर मिलेंगे पच्चीस सौ करोड़ रुपये।

2. झारखंड राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज, सत्ताधारी जेएमएम–कांग्रेस गठबंधन और विपक्षी भाजपा खेमे में उम्मीदवारों के नामों पर अब भी सस्पेंस बरकरार।

3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और जनहित की योजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश।

4. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने पंद्रह जून तक हर हाल में मतदाताओं की मैपिंग पूरी करने के दिए निर्देश, कम मैपिंग वाले बीएलओ को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण।

5. हॉकी इंडिया ने न्यूजीलैंड में होने वाले महिला नेशन्स कप टीम का किया एलान; झारखंड की तीन खिलाड़ियों को मिली जगह, सिमडेगा की सलीमा टेटे संभालेंगी भारतीय टीम की कमान।

*******************

नई दिल्ली में आज जल जीवन मिशन 2.0 के तहत झारखंड सरकार और केंद्रीय मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक में मुख्यमंत्री ने केंद्र से पैंसठ सौ करोड़ रुपये की लंबित राशि की मांगी की, जबकि केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल ने मानकों के अनुपालन पर पच्चीस सौ करोड़ रुपये आवंटित करने की बात कही। इसके साथ ही जिलाधिकारियों को नियमित निगरानी और सौ करोड़ से अधिक की योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा के निर्देश दिए गए। बैठक में चौदह सौ करोड़ के ओवरसाइज्ड घटकों की समीक्षा करने और जेजेएम के प्रबंध निदेशक का पद संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी को सौंपने की सिफारिश की गई।

*******************

झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज है, लेकिन उम्मीदवारों के नामों पर संस्पेंस अब भी बरकरार है। सत्ताधारी गठबंधन और विपक्ष दोनों ही खेमों में आम सहमति बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। माना जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व जल्द ही अंतिम नामों की घोषणा कर सकता है। इस बीच भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने दावा किया है कि पार्टी जिसे भी प्रत्याशी बनायेगी, उनकी जीत तय है।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के दावों पर सत्ताधारी गठबंधन ने पलटवार किया है। झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने नैतिकता को ताक पर रखकर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है।

*******************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल ऐतिहासिक बताया है। रांची में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश ने महिला सशक्तीकरण, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में बड़े बदलाव देखे हैं।

*******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने देश की वर्तमान परीक्षा व्यवस्था में बड़े सुधार की मांग की है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने ट्रेजरी घोटाले की जांच रिपोर्ट जल्द महालेखाकार को सौंपने की बात भी कही।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने राज्य की चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करने और बेहतर मैनेजमेंट सिस्टम बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बच्चों समेत सभी नागरिकों का हेल्थ प्रोफाइल तैयार करने और एम्बुलेंस की निगरानी के लिए एआई कंट्रोल रूम बनाने को कहा है। इसके अलावा आपातकालीन सेवाओं में सुधार और एएनएम–जीएनएम की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

*******************

केंद्र सरकार ने सीबीएसई में ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रक्रिया में गड़बड़ी के विवाद के बाद बोर्ड अध्यक्ष और सचिव को पद से हटा दिया है। सरकार ने इस मामले की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है। वहीं, साइबर हमले के बावजूद बोर्ड का री–इवैल्यूएशन पोर्टल सुचारू रूप से कार्य कर रहा है और पहले ही दिन 16 हजार से अधिक छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया।

*******************

गढ़वा के नक्सल प्रभावित रहे बूढ़ापहाड़ से सीआरपीएफ हटाने की तैयारियों पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने केंद्रीय गृह सचिव को पत्र लिखा है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बल को बनाए रखने का प्रयास जारी है। यदि केंद्र सरकार सीआरपीएफ हटाती है, तो राज्य सरकार वहां अपने जवानों की पूरी तैनाती करेगी।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को पंद्रह जून तक मतदाताओं की मैपिंग पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लंबित फॉर्मों का निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से न छूटे। श्री कुमार ने कम मैपिंग वाले बीएलओ को विशेष प्रशिक्षण देने की बात भी कही।

*******************

एडीजी मनोज कौशिक ने गुमला में रांची जोन के चार जिलों की पुलिस के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने तीन वर्षों के लंबित मामलों, विधि व्यवस्था और पर्यटन स्थलों की सुरक्षा की समीक्षा की। एडीजी ने महिला और बच्चों से जुड़े अपराधों और पॉक्सो मामलों में त्वरित कार्रवाई और तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

*******************

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं, जिसे जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। महिला और बाल विकास मंत्रालय के अनुसार, वीरता, खेल, समाज सेवा और कला–संस्कृति जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के लिए नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर स्वीकार किए जाएंगे।

*******************

राज्य में कल संथाल परगना को छोड़कर राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज–चमक के साथ बारिश और तेज आंधी चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर–पूर्वी जिलों में 40 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात के साथ मूसलाधार बारिश का पूर्वानुमान है।

*******************

न्यूजीलैंड में होने वाले एफआईएच महिला नेशन्स कप के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी गई है। इसमें झारखंड की तीन खिलाड़ी सलीमा टेटे, निक्की प्रधान और दीपिका सोरेंग को जगह मिली है। सिमडेगा की सलीमा टेटे को टीम की कमान सौंपी गई है।

*****समाप्त*******